भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1668

उत्तर देने की तारीख 21 सितम्बर, 2020

5जी नेटवर्क

1668. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः श्री बिद्‌युत बरन महतोः श्री सुधीर गुप्ताः श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संचार विभाग ने देश में 5जी नेटवर्क की सेवा शुरू करने के लिए परीक्षण प्रक्रिया को शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने सभी प्रमुख दूरसंचार ऑपरेटरों तथा उपकरण विक्रेताओं के साथ परीक्षणों के लिए रोडमैप पर विचार-विमर्श किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या परिणाम निकले;

(घ) क्या सरकार ने 5जी प्रौद्‌योगिकी परीक्षणों पर निगरानी सहित सुरक्षा चिंताओं को नोट किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) देश में 5जी नेटवर्क सेवा कब तक आरंभ होने की संभावना है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में चीन की कंपनियों की भागीदारी को रोकने के लिए सरकार द्‌वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी राज्य मंत्री

(श्री संजय धोत्रे)

(क) से (ग) दूरसंचार वि□भाग ने अभी 5जी नेटवर्क शुरू करने की प्रक्रिया आरंभ नहीं की है। तथापि, भारत वि□शिष्ट 5जी अनुप्रयोगों एवं उपयोग मामलों से संबंधित परीक्षणों के

जारी पृ.सं. 2

लिए कदम उठाए गए है। 5जी प्रौद्योगिकी परीक्षणों को एक पृथक नेटवर्क वातावरण में एवं गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए सीमित अवधि हेतु सीमित भौगोलिक क्षेत्र में भारत विशिष्ट उपयोग मामलों को दर्शाने के लिए परिकल्पित किया गया है।

(घ) से (च) निगरानी सहित सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करने के लिए लाइसेंस समझौते के भाग के रूप में विभाग की व्यापक सुरक्षा शर्तें हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय संचार सुरक्षा केंद्र (एनसीसीएस), बेंगलुरू की भी स्थापना की गई है और इसे भारतीय दूरसंचार सुरक्षा आश्वासन अपेक्षाएं निर्धारित करने का कार्य सौंपा गया है। 5जी नेटवर्क सेवाओं की शुरूआत 5जी उपकरण एवं डिवाइस इकोसिस्टम के विकास और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के आर्थिक एवं वाणिज्यिक महत्व पर भी निर्भर करती है।

******